दिनांक: 16.08.2022

सूचना

फ़्रूट अट्रैक्शन: 4 से 6 अक्टूबर 2022, मैड्रिड

एपीडा द्वारा वाणिज्य विभाग से अनुमोदन के अधीन आईएफईएमए मैड्रिड, स्पेन में 4 से 6 अक्टूबर 2022 को आयोजित होने वाले फ़्रूट अट्रैक्शन 2022 में भागीदारी की जाएगी।

फ़्रूट अट्रैक्शन फल एवं सब्जी उद्योग से सरकारी व निजी क्षेत्र के संगठनों के लिए अंतरराष्ट्रीय वितरण प्रणाली में संकलित उनके नवाचारों, उत्पादों, किस्मों और सेवाओं को प्रस्तुत करने का संयोजन है।

इस कार्यक्रम में 130 देशों के 120000 से अधिक आगंतुक एवं 90 से अधिक देशों के 1800 प्रदर्शक अपनी भागीदारी दर्ज कर रहे हैं। फ़्रूट अट्रैक्शन यूरोप, यूके, उत्तर व दक्षिण अमेरिका, कोरिया तथा जापान के बाजारों का मुख्य द्वार (गेटवे) है। यह फल एवं सब्जी संचालकों के लिए मजबूत व्यापार संबंध बनाने तथा नए बाजारों में नए अवसर खोलने का प्रमुख मंच (प्लेटफॉर्म) व बैठक बिंदु (मीटिंग पॉइंट) है। भारत के लिए कार्यक्रम में भाग लेना ताजे फल , सब्जियां एवं फूलों का संवर्धन करने के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम में, फ़्रूट अट्रैक्शन 2022 में अपनी भागीदारी दर्ज कराने वाले विभिन्न क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ बी2बी बैठकें आयोजित की जाएंगी। फल , सब्जियां एवं फूलों के पंजीकृत निर्यातक 10 सितंबर 2022 तक ukvats@apeda.gov.in तथा vinitas@apeda.gov.in पर ईमेल के माध्यम से एपीडा के साथ प्रदर्शनी में 9 वर्गमीटर या विभिन्न स्टॉल की संभावित स्टॉल आवश्यकताओं के साथ भागीदारी के लिए अपनी अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

यू.के. वत्स
महाप्रबंधक
एपीडा